# पंजाब प्रहरी

## पंजाब फ्रंटियर समाचार पत्रिका

जनवरी - मार्च 2024

अंक - 1/2024




















सत्यमेव जयते

**डॉ अतुल फुलझेले, भा.पु.से.**
**महानिरीक्षक**
**Dr. ATUL FULZELE, IPS**
**INSPECTOR GENERAL**



**सीमांत मुख्यालय,**
**सीमा सुरक्षा बल, पंजाब**
**Frontier Headquarter**
**BSF, Punjab**

# संदेश

मुझे पंजाब फ्रंटियर की तिमाही पत्रिका 'पंजाब प्रहरी' के माध्यम से अपने विचार प्रबुद्ध पाठकों के सम्मुख रखने का हर्षपूर्ण अवसर प्राप्त हो रहा है। सर्व प्रथम मैं वर्ष 2024 की प्रथम तिमाही के दौरान सम्पन्न हुए विभिन्न उत्सवों जैसे लोहड़ी, गणतंत्र दिवस, शिवरात्रि एवं होली इत्यादि तथा वीर प्रहरियों के द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों के लिए वीर प्रहरियों और उनके परिवारजनों को हार्दिक शुभकानाएं देता हूँ।

सर्व विदित है कि यद्यपि पंजाब फ्रंटियर का जिम्मेवारी का इलाका विभिन्न भौगोलिक परिस्थितियों के कारण काफी संवेदनशील है, इसके बावजूद, जवानों की मुस्तैदी से विगत तिमाही में पंजाब फ्रंटियर को भारी तादात में हेरोईन बरामद करने में कामयाबी हासिल हुई है तथा पाकिस्तानी ड्रोनों एवं घुसपैठियों को पकड़ने में भी पंजाब फ्रंटियर के प्रहरियों की भूमिका अत्यंत सराहनीय है। तमाम विषम एवं कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में हमारे बहादुर जवानों की सतर्कता एवं मुस्तैदी से डयूटी के कारण ही भारत-पाक सीमा पर पंजाब फ्रंटियर को यह संक्रियात्मक सफलताएं हासिल हो सकी हैं। इस तिमाही के दौरान संक्रियात्मक उपलब्धियों के लिए पंजाब फ्रंटियर के समस्त अधिकारीगण एवं सीमा प्रहरी हार्दिक बधाई के पात्र है।

विगत तिमाही के दौरान विभिन्न उत्सवों एवं त्यौहारों जैसे लोहड़ी, गणतंत्र दिवस, महाशिवरात्रि पर्व तथा होली इत्यादि को पंजाब फ्रंटियर में बहुत ही धूम-धाम से मनाया गया। इसके अतिरिक्त अन्य कार्यक्रमों जैसे 'बॉर्डरमैन मैराथॉन - 2024' का अमृतसर सैक्टर में आयोजन, महानिदेशक, सी०सु०बल का अमृतसर सैक्टर का दौरा, विशेष महानिदेशक, विशेष महानिदेशालय (पश्चिमी कमाण्ड) चंडीगढ़ द्वारा पंजाब फ्रंटियर का निरीक्षण, रोजगार मेला, 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' एवं प्रहरी परिवार की महिलाओं के लिए परिवार कल्याण केंद्र में विभिन्न कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित एवं सुनियोजित तरीके से आयोजित करवाकर पंजाब फ्रंटियर की प्रशासनिक प्रबंधन में भूमिका भी सराहनिय रही है।

ऑपरेशनल फ्रन्ट पर मुझे पंजाब फ्रंटियर के प्रहरियों की मुस्तैदी एवं कर्तव्यनिष्ठा पर पूर्ण भरोसा है, कि वह भविष्य में भी प्रत्येक कठिन एवं चुनैतीपूर्ण परिस्थितियों में सौंपी गई समस्त जिम्मेवारियों को सत्यनिष्ठा एवं कुशल कार्यक्षमता से पूर्ण करेंगे एवं पंजाब फ्रंटियर की ख्याति को कायम रखेंगे। हमें भारत-पाक सीमा पर वर्तमान में ड्रोनों की बढ़ती गतिविधियों को उपलब्ध तकनीक से पूर्णतया विफल करने का हर संभव प्रयास करना है ताकि सीमा पार से आयोजित अराजकतावादी गतिविधियों को विफल किया जा सके।


मैं इस पत्रिका के संकलन हेतु संपादकीय मंडल के अथक प्रयासों की सराहना करते हुए वर्ष 2024 के प्रथम संस्करण के सफल प्रकाशन एवं समस्त सीमा प्रहरियों एवं उनके परिजनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

जय हिन्द।
शुभकामनाओं सहित !

(डॉ० अतुल फुलझेले), भा०पु०से०
महानिरीक्षक,
पंजाब फ्रंटियर, सीमा सुरक्षा बल

सत्यमेव जयते

**अमरेन्द्र कुमार विद्यार्थी**
**उप महानिरीक्षक(सा)**
A. K. Vidyarthi
Dy Insp Gen (G)



**सीमांत मुख्यालय,**
**सीमा सुरक्षा बल, पंजाब**
Frontier Headquarter
BSF, Punjab

# संदेश

पंजाब फ्रंटियर तिमाही समाचार पत्रिका के वर्ष 2024 के प्रथम संस्करण को संकलित करते हुए मुझे अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है। इस पत्रिका के माध्यम से आप सभी को विगत तिमाही के दौरान सीमा सुरक्षा बल, पंजाब फ्रंटियर की महत्वपूर्ण गतिविधियों से अवगत कराने का प्रयास किया गया है।

पंजाब फ्रंटियर की संक्रियात्मक उपलब्धियाँ सदैव गौरवान्वित करने वाली रही हैं। पंजाब फ्रंटियर के बहादुर प्रहरियों ने हमेशा अपनी कार्यकुशलता एवं कर्तव्य परायणता का परिचय देते हुए मुस्तैदी से भारत-पाक सीमा पर सफलतापूर्वक अपनी भूमिका निभाई है, जिसके फलस्वरूप इस तिमाही के दौरान पंजाब फ्रंटियर द्वारा 65.536 किलोग्राम हेरोईन के साथ अलग-अलग घटनाओं में 05 हथियार जब्त कर 08 पाकिस्तानी घुसपैठियों तथा 31 पाकिस्तानी ड्रोन को पकड़ने में भी कामयाबी हासिल की है।

भारत-पाक सीमा के कुशल प्रबंधन के साथ-साथ सीमावर्ती इलाके में रहने वाले नागरिकों की हर संभव मदद करना पंजाब फ्रंटियर का सदैव प्रयास रहा है, ताकि वे तस्करी जैसी आपराधिक गतिविधियों से दूर रहते हुए मुख्य धारा में शामिल होकर देश के विकास, एकता एवं अखण्डता में अपना योगदान दे सकें। पंजाब फ्रंटियर के अधिकारी एवं सजग प्रहरी सदैव अपनी कर्तव्यनिष्ठा एवं जिम्मेवारी को समझते हुए सीमाओं के सफल प्रबंधन में अपना भरपूर योगदान दे रहे हैं।

संपादकीय कमेटी के अथक प्रयासों से ही 'पंजाब प्रहरी' पत्रिका का प्रकाशन सम्भव हो पाता है, मैं संपादकीय कमेटी के समस्त सदस्यों की सराहना करता हूँ एवं आशा करता हूँ कि वह भविष्य में भी इस पत्रिका को और अधिक आकर्षक और प्रभावशाली बनाने का प्रयास करेंगे।

मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि 'पंजाब प्रहरी' तिमाही समाचार पत्रिका वर्ष 2024 प्रथम संस्करण अपने उद्देश्य में सफल एवं सार्थक सिद्ध होगा। मैं सभी पाठकों से इस पत्रिका को और अधिक रोचक बनाने के लिए उनके बहुमूल्य सुझाव भेजने का अनुरोध करता हूँ एवं लेखन में रुचि रखने वाले अधिकारियों, कार्मिकों एवं उनके परिजनों से लेख, कविताएं, रचनाएं इत्यादी आगामी पत्रिका में प्रकाशन करने हेतु सादर आमंत्रित करता हूँ।

जय हिन्द।

अ.कु. विद्यार्थी

( अमरेन्द्र कुमार विद्यार्थी )
उप महानिरीक्षक (सामान्य)
पंजाब फ्रंटियर, सीमा सुरक्षा बल



दिनांक 01 जनवरी 2024 को सीमा चौकी एल0 एस0 वाला, 182वीं वाहिनी, फिरोजपुर सैक्टर में पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा भारतीय क्षेत्र में गिराए गए 01 पैकेट (लगभग 0.482 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।



दिनांक 03 जनवरी 2024 को सीमा चौकी मोहिन्दर, 71वीं वाहिनी, अमृतसर सैक्टर में पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा भारतीय क्षेत्र में गिराए गए 01 पैकेट (लगभग 0.505 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।



दिनांक 06 जनवरी 2024 को सीमा चौकी दाओके, 144वीं वाहिनी, अमृतसर सैक्टर में पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा भारतीय क्षेत्र में गिराए गए 03 पैकेट (लगभग 2. 963 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।



दिनांक 07 जनवरी 2024 को सीमा चौकी एच0 के0 टावर, Adhoc Papa-X वीं वाहिनी, फिरोजपुर सैक्टर में 01 पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया गया।



दिनांक 09 जनवरी 2024 को सीमा चौकी धर्मा, 103वीं वाहिनी, फिरोजपुर सैक्टर में पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त जाँच अभियान के दौरान 01 पाकिस्तानी ड्रोन के साथ 01 पैकेट (लगभग 0.496 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।



दिनांक 10 जनवरी 2024 को सीमा चौकी महारसोना, 66वीं वाहिनी, अबोहर सैक्टर में पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा भारतीय क्षेत्र में गिराए गए 06 पैकेट (लगभग 6.240 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।



दिनांक 11 जनवरी 2024 को सीमा चौकी रतनखुर्द, 144वीं वाहिनी, अमृतसर सैक्टर में 01 पाकिस्तानी ड्रोन के साथ 01 पैकेट (लगभग 0.470 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।



दिनांक 12 जनवरी 2024 को सीमा चौकी संयुक्त जाँच चौकी, अटारी, 144वीं वाहिनी, अमृतसर सैक्टर में पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा भारतीय क्षेत्र में गिराए गए 01 पैकेट (लगभग 0.520 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।



दिनांक 13 जनवरी 2024 को सीमा चौकी धर्मा, 103वीं वाहिनी, फिरोजपुर सैक्टर में पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त जाँच अभियान के दौरान पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा गिराए गए 01 पैकेट (लगभग 0.608 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।



दिनांक 13 जनवरी 2024 को सीमा चौकी पल्लोपति, 103वीं वाहिनी, फिरोजपुर सैक्टर में पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त जाँच अभियान के दौरान 01 पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया गया।



दिनांक 15 जनवरी 2024 को सीमा चौकी भैरोपाल, 144वीं वाहिनी, अमृतसर सैक्टर में पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त जाँच अभियान के दौरान 01 पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया गया।



दिनांक 18 जनवरी 2024 को सीमा चौकी वाधवा, 183वीं वाहिनी, अमृतसर सैक्टर में तलाशी अभियान के दौरान 02 पैकेट (लगभग 0.490 किलोग्राम) हेरोईन के साथ 02 भारतीय तस्करों को हिरासत में लिया गया।



दिनांक 18 जनवरी 2024 को सीमा चौकी कर्मा, 71वीं वाहिनी, अमृतसर सैक्टर में पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त जाँच अभियान के दौरान 01 पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया गया।



दिनांक 19 जनवरी 2024 को सीमा चौकी एल0 एस0 वाला फारवर्ड,182वीं वाहिनी, फिरोजपुर सैक्टर में पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा भारतीय क्षेत्र में गिराए गए 01 ए0 के0 - 47, 02 मैगजीन, 40 राउन्ड और रू. 40,000/- भारतीय मुद्रा बरामद की गई।



दिनांक 19 जनवरी 2024 को सीमा चौकी न्यु मोहम्मदी वाला, 116वीं वाहिनी, फिरोजपुर सैक्टर में 02 पैकेट (लगभग 3.044 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।



दिनांक 23 जनवरी 2024 को सीमा चौकी बाबा पीर, 71वीं वाहिनी, अमृतसर सैक्टर में 01 पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया गया।



दिनांक 25 जनवरी 2024 को सीमा चौकी आबाद, 113वीं वाहिनी, फिरोजपुर सैक्टर में पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा भारतीय क्षेत्र में गिराए गए 01 पैकेट (लगभग 0.500 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।



दिनांक 25 जनवरी 2024 को सीमा चौकी धर्मा, 103वीं वाहिनी, फिरोजपुर सैक्टर में पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त जाँच अभियान के दौरान 01 पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया गया।




दिनांक 26 जनवरी 2024 को सीमा चौकी बोहर वडाला, 27वीं वाहिनी, गुरदासपुर सैक्टर में पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त जाँच अभियान के दौरान 02 हथियार (01 पीएजी, 01 पिस्टल), 24 राउन्ड और लगभग 0.100 किलोग्राम हेरोईन के साथ 02 भारतीय तस्करों को हिरासत में लिया गया।



दिनांक 26 जनवरी 2024 को सीमा चौकी पुलमोरन, 22वीं वाहिनी, अमृतसर सैक्टर में पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त जाँच अभियान के दौरान 01 पाकिस्तानी ड्रोन के साथ 01 पैकेट (लगभग 0.519 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।



दिनांक 26 जनवरी 2024 को सीमा चौकी कहानगढ़, 144वीं वाहिनी, अमृतसर सैक्टर में 01 पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया गया।



दिनांक 29 जनवरी 2024 को सीमा चौकी दाओके, 144वीं वाहिनी, अमृतसर सैक्टर में 01 पाकिस्तानी ड्रोन के साथ 01 मैगजीन और 01 पैकेट (लगभग 0.500 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।



दिनांक 29 जनवरी 2024 को सीमा चौकी कहानगढ़, 144वीं वाहिनी, अमृतसर सैक्टर में 01 हथियार, 01 मैगजीन, 04 राउन्ड, और 09 पैकेट (लगभग 0.500 किलोग्राम) हेरोईन के साथ 04 तस्करों को हिरासत में लिया।



दिनांक 30 जनवरी 2024 को सीमा चौकी धर्मा, 103वीं वाहिनी, फिरोजपुर सैक्टर में 01 पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया गया।



दिनांक 01 फरवरी 2024 को सीमा चौकी चंदुवडाला, 27वीं वाहिनी, गुरदासपुर सैक्टर में पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा भारतीय क्षेत्र में गिराए गए 01 पैकेट (लगभग 3.400 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।



दिनांक 02 फरवरी 2024 को सीमा चौकी कहानगढ, 144वीं वाहिनी, अमृतसर सैक्टर में पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा भारतीय क्षेत्र में गिराए गए 03 पैकेट (लगभग 1.600 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।



दिनांक 02 फरवरी 2024 को सीमा चौकी पल्लोपत्ती, 103वीं वाहिनी, फिरोजपुर सैक्टर में पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त जाँच अभियान के दौरान 01 पाकिस्तानी ड्रोन के साथ 01 पैकेट (लगभग 0.476 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।



दिनांक 07 फरवरी 2024 को सीमा चौकी बोहर वडाला, 27वीं वाहिनी, गुरदासपुर सैक्टर में पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा भारतीय क्षेत्र में गिराए गए 03 पैकेट (लगभग 1.000 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।



दिनांक 09 फरवरी 2024 को सीमा चौकी खालड़ा बैरियर, 71वीं वाहिनी, अमृतसर सैक्टर में पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा भारतीय क्षेत्र में गिराए गए 01 पैकेट (लगभग 0.570 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।



दिनांक 09 फरवरी 2024 को सीमा चौकी चंदुवडाला, 27वीं वाहिनी, गुरदासपुर सैक्टर में 01 पाकिस्तानी ड्रोन (खंडित हालात में) बरामद किया गया।



दिनांक 10 फरवरी 2024 को सीमा चौकी फतेहपुर, 183वीं वाहिनी, अमृतसर सैक्टर में 01 पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया गया।



दिनांक 11 फरवरी 2024 को सीमा चौकी शमिके, 160वीं वाहिनी, अबोहर सैक्टर में पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा भारतीय क्षेत्र में गिराए गए 01 पैकेट (लगभग 01 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।



दिनांक 11 फरवरी 2024 को सीमा चौकी शाहपुर, 183वीं वाहिनी, अमृतसर सैक्टर में पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त जाँच अभियान के दौरान 01 पाकिस्तानी ड्रोन के साथ 01 पैकेट (लगभग 0.520 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।




दिनांक 15 फरवरी 2024 को सीमा चौकी भैरोपाल, 144वीं वाहिनी, अमृतसर सैक्टर में 01 पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया गया।




दिनांक 17 फरवरी 2024 को सीमा चौकी भैरोपाल, 144वीं वाहिनी, अमृतसर सैक्टर में तलाशी अभियान के दौरान 01 पैकेट (लगभग 0.440 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।



दिनांक 19 फरवरी 2024 को सीमा चौकी कहानगढ़, 144वीं वाहिनी, अमृतसर सैक्टर में पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा भारतीय क्षेत्र में गिराए गए 01 पैकेट (लगभग 0.700 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।



दिनांक 21 फरवरी 2024 को सीमा चौकी बहादुरके, 160वीं वाहिनी, अबोहर सैक्टर में संयुक्त जाँच अभियान के दौरान 01 पाकिस्तानी ड्रोन के साथ 01 पैकेट (लगभग 0.505 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।



दिनांक 22 फरवरी 2024 को सीमा चौकी डल, 103वीं वाहिनी, फिरोजपुर सैक्टर में तलाशी अभियान के दौरान 01 पैकेट (लगभग 0.498 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।




दिनांक 24 फरवरी 2024 को सीमा चौकी राजाताल, 144वीं वाहिनी, अमृतसर सैक्टर में 01 पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया गया।



दिनांक 28 फरवरी 2024 को सीमा चौकी हरभजन, 101वीं वाहिनी, फिरोजपुर सैक्टर में पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त जाँच अभियान के दौरान 01 पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया गया।



दिनांक 28 फरवरी 2024 को सीमा चौकी उत्तर धारिवाल, 22वीं वाहिनी, अमृतसर सैक्टर में संयुक्त जाँच अभियान के दौरान 01 पाकिस्तानी ड्रोन के साथ 03 पैकेट (लगभग 3.030 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।




दिनांक 29 फरवरी 2024 को सीमा चौकी मियाँवाली उत्तर, 101वीं वाहिनी, फिरोजपुर सैक्टर में पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त जाँच अभियान के दौरान 01 पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया गया।



दिनांक 29 फरवरी 2024 को सीमा चौकी नूरवाला, 103वीं वाहिनी, फिरोजपुर सैक्टर में तलाशी अभियान के दौरान 01 पाकिस्तानी ड्रोन तथा 01 पैकेट (लगभग 0.502 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।



दिनांक 02 मार्च 2024 को सीमा चौकी मियाँवाली उत्तर, 101वीं वाहिनी, फिरोजपुर सैक्टर में पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त जाँच अभियान के दौरान 02 पैकेट (लगभग 0.860 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।



दिनांक 05 मार्च 2024 को सीमा चौकी कालियाँ, 103वीं वाहिनी, फिरोजपुर सैक्टर में पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त जाँच अभियान के दौरान 01 पैकेट (लगभग 0.505 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।



दिनांक 06 मार्च 2024 को सीमा चौकी के0 एस0 वाला, 103वीं वाहिनी, फिरोजपुर सैक्टर में पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त जाँच अभियान के दौरान 01 पाकिस्तानी ड्रोन (खंडित हालात में) बरामद किया गया।



दिनांक 07 मार्च 2024 को सीमा चौकी महावा, 144वीं वाहिनी, अमृतसर सैक्टर में पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा भारतीय क्षेत्र में गिराए गए 01 पैकेट (लगभग 5.000 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।



दिनांक 08 मार्च 2024 को सीमा चौकी निक्का, 58वीं वाहिनी, गुरदासपुर सैक्टर में पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा भारतीय क्षेत्र में गिराए गए 01 पैकेट (लगभग 0.470 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।



दिनांक 10 मार्च 2024 को सीमा चौकी कहानगढ़, 144वीं वाहिनी, अमृतसर सैक्टर में पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा भारतीय क्षेत्र में गिराए गए 01 पैकेट (लगभग 0.500 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।



दिनांक 14 मार्च 2024 को सीमा चौकी टी बंध, 101वीं वाहिनी, फिरोजपुर सैक्टर में पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त जाँच अभियान के दौरान पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा गिराए गए 06 पैकेट (लगभग 03 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।



दिनांक 15 मार्च 2024 को सीमा चौकी रामकोट, 22वीं वाहिनी, अमृतसर सैक्टर में तलाशी अभियान के दौरान पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा गिराए गए 02 पैकेट (लगभग 03.380 किलोग्राम) हेरोईन के साथ 02 पिस्टल और 02 मैगजीन बरामद किए गए।



दिनांक 17 मार्च 2024 को सीमा चौकी नौशेरा ढल्ला, 71वीं वाहिनी, अमृतसर सैक्टर में तलाशी अभियान के दौरान पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा गिराए गए 01 पैकेट (लगभग 0.550 किलोग्राम) हेरोईन के साथ 01 भारतीय तस्कर हिरासत में लिया गया।



दिनांक 18 मार्च 2024 को सीमा चौकी टी बंध, 101वीं वाहिनी, फिरोजपुर सैक्टर में पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त जाँच अभियान के दौरान पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा गिराए गए 06 पैकेट (लगभग 03.306 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।



दिनांक 23 मार्च 2024 को सीमा चौकी मियाँवाली उत्तर, 101वीं वाहिनी, फिरोजपुर सैक्टर में पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त जाँच अभियान के दौरान 01 पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया गया।



दिनांक 23 मार्च 2024 को सीमा चौकी महावा एवं रतनखुर्द 144वीं वाहिनी, अमृतसर सैक्टर में पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त जाँच अभियान के दौरान अलग अलग घटनाओं में 02 पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किए गए।



दिनांक 23 मार्च 2024 को सीमा चौकी एस एस वाला, 52वीं वाहिनी, अबोहर सैक्टर में पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त जाँच अभियान के दौरान 01 पाकिस्तानी ड्रोन के साथ 02 पैकेट (लगभग 02 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।



दिनांक 26 मार्च 2024 को सीमा चौकी पंजग्रेन, 117वीं वाहिनी, गुरदासपुर सैक्टर में तलाशी अभियान के दौरान 01 पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया गया।



दिनांक 27 मार्च 2024 को सीमा चौकी खालड़ा बैरीयर 71वीं वाहिनी, अमृतसर सैक्टर में तलाशी अभियान के दौरान 01 पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया गया।



दिनांक 28 मार्च 2024 को सीमा चौकी नौशेरा ढल्ला, 71वीं वाहिनी, अमृतसर सैक्टर में तलाशी अभियान के दौरान 01 पैकेट (लगभग 0.530 किलोग्राम) हेरोईन के साथ 01 मोटरसाईकिल और 02 मोबाईल फोन बरामद किया गया।



दिनांक 28 मार्च 2024 को सीमा चौकी शाहपुर, 117वीं वाहिनी, गुरदासपुर सैक्टर में तलाशी अभियान के दौरान 01 पैकेट (लगभग 01.140 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।



दिनांक 28 मार्च 2024 को सीमा चौकी दाओके, 144वीं वाहिनी, अमृतसर सैक्टर में तलाशी अभियान के दौरान 01 पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया गया।




दिनांक 29 मार्च 2024 को सीमा चौकी महारसोना, 66वीं वाहिनी, अबोहर सैक्टर में तलाशी अभियान के दौरान 09 पैकेट (लगभग 09.500 किलोग्राम) हेरोईन बरामद की गई।



दिनांक 31 मार्च 2024 को सीमा चौकी हवेलियाँ, 71वीं वाहिनी, अमृतसर सैक्टर में तलाशी अभियान के दौरान 01 पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया गया।

## वर्ष 2024 की प्रथम तिमाही के दौरान पंजाब फ्रंटियर की संक्रियात्मक उपलब्धियों की सारणी

| क्र. सं. | विवरण | संख्या |
|---|---|---|
| 1 | पाकिस्तानी ड्रोन गिराए | 31 नग |
| 2 | जब्त हेरोईन | 65.536 किलोग्राम |
| 3 | अलग-अलग घटनाओं में जब्त हथियार | 05 नग |
| 4 | अलग-अलग घटनाओं में जब्त राउंड | 68 नग |
| 5 | पाकिस्तानी नागरिकों को हिरासत में लिया | 08 |
| 6 | भारतीय तस्करों को हिरासत में लिया | 15 |
| 7 | पाकिस्तानी नागरिकों को पाक रेंजर्स के हवाले किया | 03 |

## 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर डॉ0 अतुल फुलझेले, भा0पु0से0, महानिरीक्षक, पंजाब फ्रंटियर, के संयुक्त जाँच चौकी, अटारी, अमृतसर सैक्टर दौरे की झलकियाँ




























दिनांक 26 जनवरी 2024 को 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर श्री संजय गौड़, उप महानिरीक्षक, ने संयुक्त जाँच चौकी अटारी, सैक्टर मुख्यालय सी0सु0बल, अमृतसर के परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कार्यक्रम के दौरान श्री अजय कुमार मिश्रा, कमांडेंट, 144 वीं वाहिनी, अन्य अधिकारीगण तथा सीमा प्रहरी उपस्थित रहें। इस अवसर पर उप महानिरीक्षक महोदय ने सभी सीमा प्रहरियों और उनके परिजनों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी तथा महोदय ने तैनात सीमा सुरक्षा बल के स्पेशल गार्ड्स को सद्भावना स्वरूप मिठाईयां भेट की।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर संयुक्त जाँच चौकी अटारी, अमृतसर में आयोजित विशेष रीट्रीट सेरेमनी परेड में डॉ0 अतुल फुलझेले, भा0पु0से0, महानिरीक्षक, सी0सु0बल पंजाब फ्रंटियर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। कार्यक्रम के दौरान अमृतसर स्कूल और कॉलेज के छात्रों के साथ-साथ सीमा प्रहरियों द्वारा एक से बढ़कर एक शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा, सीमा सुरक्षा बल डॉग स्क्वाड और महिला बोल्ड टीम की प्रस्तुति भी सराहनीय रही।

विशेष रीट्रीट सेरेमनी परेड के पश्चात देश के कुछ प्रसिद्ध खिलाड़ियों की उपस्थिति में 'बॉर्डरमैन मैराथन - 2024' के कर्टन रेजर का अनावरण किया गया। इस अवसर पर महानिरीक्षक महोदय के साथ श्री अमरेन्द्र कुमार विद्यार्थी, उप महानिरीक्षक (सा0), श्री संजय गौड़, उप महानिरीक्षक, सैक्टर मुख्यालय सी0सु0बल, अमृतसर तथा अन्य सी0सु0बल के और पंजाब राज्य के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

पंजाब फ्रंटियर के अंतर्गत सभी वाहिनियों, सैक्टरों तथा सीमा चौकी स्तर तक 75वां गणतंत्र दिवस पूरे जोश के साथ मनाया गया साथ ही विभिन्न स्थानों पर सी0सु0बल द्वारा पाकिस्तान रेंजर्स को मिठाइयां भेंट की गई।

# फ्रंटियर मुख्यालय सी0सु0बल जालंधर, पंजाब में 75वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन













दिनांक 26 जनवरी 2024 को पंजाब फ्रंटियर, जालंधर में 75वीं गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर डॉ0 अतुल फुलझेले, भा0पु0से0, महानिरीक्षक, सी0सु0बल पंजाब फ्रंटियर ने ध्वजारोहण कर सभी सीमा प्रहरीयों और उनके परिजनों को 75वें गणतंत्र दिवस की बधाईयां दी। महोदय ने तैनात सीमा सुरक्षा बल के स्पेशल गार्ड्स को सद्भावना स्वरूप मिठाईयां भेट की तथा संयुक्त चिकित्सालय जालन्धर, सीमांत मुख्यालय पंजाब में भर्ती मरीजों को और उनके परिजनों को 75वें गणतंत्र दिवस की बधाईयां दी और फलों का उपहार देकर मनोबल बढ़ाया।

# सीमांत मुख्यालय, सी0सु0बल पंजाब में रोजगार मेले के आयोजन की झलकियाँ

















दिनांक 12 फरवरी 2024 को, सीमांत मुख्यालय, सी0सु0बल पंजाब में भारत सरकार द्वारा चलाए जाने वाली रोजगार मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माननीय श्री अनुराग सिंह ठाकुर, केंद्रीय सूचना और प्रसारण और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री, भारत सरकार बतौर मुख्य अतिथि के साथ डॉ अतुल फुलझेले, भा0पु0से0 पंजाब फ्रंटियर और अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहें। मुख्य अतिथि के द्वारा केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में विविध पदों के लिए चुने गए 139 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र ऑनलाईन और व्यक्तिगत रूप से वितरित किया। माननीय मंत्री महोदय ने रोजगार मेले की योजना के बारे में मीडिया को विस्तार पूर्वक जानकारी दी और कार्यक्रम के अंत में डॉ अतुल फुलझेले, भा0पु0से0, महानिरीक्षक, पंजाब फ्रंटियर ने माननीय मंत्री महोदय को यादगार स्वरुप स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## सैक्टर मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल, अमृतसर में आयोजित 'बॉर्डरमैन मैराथन-2024' की झलकियाँ




















CLOSING CEREMONY
BORDERMEN MARATHON - 2024
SBI


CLOSING CEREMONY
CHIEF GUEST
SBI
HDFC BANK
DECATHLON
BORDERMEN MARATHON - 2024
SBI


INDIA'S FIRST LINE OF DEFENCE
Bordermen Marathon - 2024
CLOSING CEREMONY
BORDERMEN MARATHON - 2024
SBI


INDIA'S FIRST LINE OF DEFENCE
Bordermen Marathon - 2024
CLOSING CEREMONY
BORDERMEN MARATHON - 2024
SBI


CLOSING CEREMONY
BORDERMEN MARATHON - 2024
SBI


CHIEF GUEST
IPS
BORDERMEN MARATHON - 2024
SBI


BSF




















दिनांक 25 फरवरी 2024 को सैक्टर मुख्यालय अमृतसर में 'हैन्ड इन हैन्ड विद बॉर्डर पॉपुलेशन' थीम के साथ 'बॉर्डरमैन मैराथन - 2024' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री नितिन अग्रवाल, भा0पु0से0 महानिदेशक सी0सु0बल, श्रीमती स्मिता अग्रवाल, अध्यक्षा बावा बतौर मुख्य अतिथि के साथ श्री योगेश बहादुर खुरानिया, भा0पु0से0 विशेष महानिदेशक, विशेष महानिदेशालय, (प0क0) चण्डीगढ़ और डॉ अतुल फुलझेले, भा0पु0से0 महानिरीक्षक, सी0सु0बल पंजाब फ्रंटियर एवं पंजाब फ्रंटियर के अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर महानिदेशक महोदय ने संयुक्त जाँच चौकी, अटारी, एवं म्यूजियम का भ्रमण किया तथा बतौर मुख्य अतिथि सलामी ली। 'एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया' द्वारा मान्यता प्राप्त 'बॉर्डरमैन मैराथन - 2024' को श्री नितिन अग्रवाल, भा0पु0से0 महानिदेशक सी0सु0बल ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। इस प्रतिस्पर्धा में फुल मैराथन (42 किलोमीटर), हाफ मैराथन (21 किलोमीटर) और 10 किलोमीटर दौड़ का आयोजन कर मैराथन का समापन संयुक्त जाँच चौकी, अटारी अमृतसर में किया गया। इस मैराथन में सी0सु0बल के अधिकारियों / कार्मिकों के अतिरिक्त सेना, केन्द्रीय सुरक्षा बलों, पंजाब पुलिस और पंजाब के युवाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर संयुक्त जाँच चौकी, अटारी, अमृतसर में रंगारंग कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा मैराथन के प्रतिभागियों का समापन स्थल पर स्वागत किया गया एवं विजेता, उप-विजेता व अन्य प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप धनराशी, मेडल एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित भारतीय हॉकी टीम के पूर्व खिलाड़ी ओलंपियन श्री हरप्रीत सिंह मंढेर और श्री सिमरनजीत सिंह सहित अन्य प्रसिद्ध पूर्व खिलाड़ियों को भी मुख्य अतिथि द्वारा स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया।

## राज्य सशस्त्र पुलिस मुख्यालय, पंजाब में राज्य की अग्रणी खुफिया एजेंसियों की समन्वय बैठक का आयोजन






दिनांक 28 फरवरी 2024 को श्री. एम. एफ. फारूकी, भा0पु0से0, अप्पर महानिदेशक, पंजाब पुलिस, नोडल अधिकारी, लोकसभा चुनाव की अध्यक्षता में पुलिस मुख्यालय, जालंधर में पंजाब राज्य की अग्रणी खुफिया एजेंसियों की बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में डॉ0 अतुल फुलझेले, भा0पु0से0, महानिरीक्षक, पंजाब फ्रंटियर, श्री सी0 एच0 सेतुराम, उप महानिरीक्षक (संक्रिय), पंजाब फ्रंटियर के साथ विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और आगामी लोकसभा चुनाव - 2024 पर वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य एवं आपसी समन्वय पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

## सीमांत मुख्यालय सी0सु0बल, पंजाब में अग्रणी खुफिया एजेंसियों की समन्वय बैठक





दिनांक 23 जनवरी, 26 फरवरी, 28 मार्च 2024 को डॉ0 अतुल फुलझेले, भा0पु0से0, महानिरीक्षक, पंजाब फ्रंटियर की अध्यक्षता में सीमांत मुख्यलय, पंजाब में अग्रणी खुफिया एजेंसियों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें खुफिया एजेंसियों के अधिकारीयों ने भाग लिया तथा सुरक्षा परिदृश्य पर विस्तृत-विचार विमर्श किया।

## संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप समिति द्वारा सीमांत मुख्यालय सी0सु0बल, पंजाब के कार्यालयों का राजभाषा संबधी निरीक्षण दौरे की झलकियाँ

















दिनांक 07 मार्च 2024 को सीमांत मुख्यालय सी0सु0बल, पंजाब में, श्री राम चन्द्र जांगड़ा, माननीय संसद सदस्य (राज्यसभा) संयोजक की अध्यक्षता में संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप समिति द्वारा पंजाब फ्रंटियर के कार्यालयों में हिन्दी में किए जा रहें कार्यो का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर श्री आनंद सिंह, उप महानिरीक्षक/प्रधान स्टाफ अधिकारी के साथ पंजाब फ्रंटियर के अधिकारीगण एवं अधिनस्थ अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## सीमांत मुख्यालय सी0सु0बल, पंजाब में अंकुर प्ले स्कूल का वार्षिक दिवस समारोह का आयोजन





















दिनांक 03 मार्च 2024 को सीमांत मुख्यालय सी0सु0बल, पंजाब में बी0 एस0 एफ0 अंकुर प्ले स्कूल के वार्षिक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ0 रूपाली फुलझेले, अध्यक्षा, बीएसएफ वाइव्ज वेलफेयर एसोसिएशन, पंजाब फ्रंटियर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अंकुर प्ले स्कूल के बच्चों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया। अंत में मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

## सीमांत मुख्यालय सी0सु0बल, पंजाब में 'सीमा प्रहरी जलपान गृह' के उद्घाटन समारोह की झलकियाँ


















दिनांक 03 मार्च 2024 को सीमांत मुख्यालय सी0सु0बल, पंजाब में डॉ0 रूपाली फुलझेले, अध्यक्षा, बीएसएफ वाइव्ज वेलफेयर एसोसिएशन और श्रीमती सविता चौहान, उपध्यक्षा, बावा, पंजाब फ्रंटियर ने 'सीमा प्रहरी जलपान गृह' का नवीकरण के उपरांत उद्घाटन कर जवानों तथा प्रहरी परिवार कि महिलाओं के हितार्थ पुनः शुरू किया गया। इस अवसर पर डॉ0 अतुल फुलझेले, भा0पु0से0, महानिरीक्षक, पंजाब फ्रंटियर, श्री आनंद सिंह, उप महानिरीक्षक/प्रधान स्टाफ अधिकारी के साथ पंजाब फ्रंटियर के समस्त अधिकारी गण उपस्थित रहें।

## श्री सुधीर कुमार सिंह, महानिरीक्षक (प्रशासन), बल मुख्यालय सी0सु0बल, नई दिल्ली का सीमांत मुख्यालय सी0सु0बल, पंजाब के बी0एस0एफ0 उच्च माध्यमिक विद्यालय के दौरे की झलकियाँ










दिनांक 11 मार्च 2024 को श्री सुधीर कुमार सिंह, महानिरीक्षक (प्रशासन), बल मुख्यालय, सी0सु0बल, नई दिल्ली ने सीमांत मुख्यालय सी0सु0बल, पंजाब के बी0एस0एफ0 उच्च माध्यमिक विद्यालय का दौरा किया। इस अवसर पर सुश्री आभा शर्मा, प्राचार्या, बी0एस0एफ0 उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा श्री अखिलेश बिष्ट, उप कमांडेन्ट उपस्थित रहें। अपने दौरे के दौरान महानिरीक्षक महोदय ने विद्यालय का निरीक्षण कर जायजा लिया तथा बच्चों एवं अध्यापकों से वार्तालाप कर प्रशासनिक और महत्वपुर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श तथा उचित दिशा-निर्देश दिये गये। अंत में प्राचार्या महोदया ने महानिरीक्षक महोदय को यादगार स्वरुप स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## सीमांत मुख्यालय सी0सु0बल, पंजाब में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन












दिनांक 12 मार्च 2024 को सीमांत मुख्यालय सी0सु0बल, पंजाब के प्रहरी परिवार कल्याण केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रमों के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। इस उवसर पर श्रीमती सविता चौहान, उपध्यक्षा, बावा पंजाब फ्रंटियर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

## 136वी वाहिनी सी0सु0बल, सैक्टर फिरोजपुर में 'शहीदी दिवस मेला' के आयोजन की झलकियाँ









दिनांक 23 मार्च 2024 को फिरोजपुर जिले में स्थित संयुक्त जाँच चौकी, हुसैनिवाला, 136वीं वाहिनी, सी0सु0बल पंजाब द्वारा 'शहीदी दिवस' के अवसर पर मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ0 अतुल फुलझेले, भा0पु0से0, महानिरीक्षक, पंजाब फ्रंटियर ने शहीद भगतसिंह, राजगुरू और सुखदेव के शहीदी स्मारक पर श्रद्धांजलि स्वरूप पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर ब्रिगेडीयर पवन बजाज, (सेवानिवृत्त) उप महानिरीक्षक फिरोजपुर सैक्टर के साथ अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहें।

## श्री योगेश बहादुर खुरानिया, भा0पु0से0, विशेष महानिदेशक (प0क0), मुख्यालय विशेष महानिदेशालय (प0क0) चण्डीगढ़ का सीमांत मुख्यालय पंजाब के वार्षिक निरीक्षण की झलकियाँ






























दिनांक 26/27 मार्च 2024 को श्री0 योगेश बहादुर खुरानिया, भा0पु0से0, विशेष महानिदेशक (प0क0), मुख्यालय विशेष महानिदेशालय (प0क0) चण्डीगढ द्वारा सीमांत मुख्यालय, सी0सु0बल पंजाब का वार्षिक निरीक्षण किया गया। डॉ0 अतुल फुलझेले, भा0पु0से0 महानिरीक्षक, पंजाब फ्रंटियर ने विशेष महानिदेशक महोदय को पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान महोदय ने सीमांत मुख्यालय पंजाब के संयुक्त अस्पताल, लघु शस्त्र कार्यशाला, बी0एस0एफ0 उच्च माध्यमिक विद्यालय, परिवहन शाखा तथा अधिनस्थ अधिकारी मैस समेत विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। इसके उपरांत महानिदेशक महोदय ने बैठक हॉल में अधिकारीयों के साथ बैठक कर ऑपरेशनल, प्रशासनिक एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओ पर विचार-विमर्श कर उचित दिशा निर्देश जारी किए गए। बैठक के दौरान महानिरीक्षक, पंजाब फ्रंटियर ने महानिदेशक महोदय को भारत-पाक अंतर्राष्ट्रीय सीमा की वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य पर जानकरी दी। तत्पश्चात् महानिदेशक महोदय के सैनिक सम्मेलन का भी आयोजन किया गया, जिसमें महोदय ने जवानों से वार्तालाप किया। इस अवसर पर महिला बैन्ड द्वारा देश-भक्ति गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी गई।

अपने निरीक्षण के दौरान महानिदेशक महोदय ने बी0एस0एफ0 हॉकी टर्फ ग्राउंड का निरीक्षण कर हॉकी शो मैच का आनंद उठाया तथा खिलाड़ियों से वार्तालाप किया। अंत में अधिकारी मैस में तैनात स्पेशल गार्ड ने महानिदेशक महोदय को गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया और महानिदेशक महोदय ने सद्भावना स्वरूप गार्ड को फलों की टोकरी भेंट की तथा महानिरीक्षक, पंजाब फ्रंटियर ने महानिदेशक महोदय को यादगार स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## श्रीमती रुचिरा खुरानिया का पंजाब फ्रंटियर के परिवार कल्याण केंद्र के दौरे की झलकियाँ































दिनांक 26/27 मार्च 2024 को श्री0 योगेश बहादुर खुरानिया, भा0पु0से0, विशेष महानिदेशक (प0क0), मुख्यालय विशेष महानिदेशालय (प0क0) चण्डीगढ़ के साथ श्रीमती रूचिरा खुरानिया द्वारा सीमांत मुख्यालय, सी0सु0बल पंजाब का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर श्रीमती रूपाली फुलझेले, बावा अध्यक्षा, पंजाब फ्रंटियर, श्रीमती सविता चौहान, उपध्यक्षा, बावा पंजाब फ्रंटियर ने श्रीमती रूचिरा खुरानिया मुख्य अतिथि का पौधा दे कर स्वागत किया। इस दौरान पंजाब फ्रंटियर के परिवार कल्याण केंद्र में प्रहरी संगिणियों द्वारा विविध सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि महोदया ने प्रतिभागियों को उपहार प्रदान किए। अंत में मुख्य अतिथि महोदया ने बी0एस0एफ0 उच्च माध्यमिक विद्यालय का दौरा किया और मंदिर में पूजा-अर्चना की।

## सीमांत मुख्यालय सी0सु0बल पंजाब में एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन





दिनांक 19 मार्च 2024 को सीमांत मुख्यालय सी0सु0बल, पंजाब में निरीक्षक (हिंदी अनुवादक) बिहारी झा द्वारा 'कार्यालय के काम-काज में हिंदी को बढ़ावा कैसे दें' विषय पर रंगशाला में एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें सीमांत मुख्यालय के अधीन समस्त अनुभागों से अधिनस्थ अधिकारी एवं अन्य कार्मिकों ने भाग लिया।

## सैक्टर मुख्यालय खासा, अमृतसर में उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम का आयोजन






दिनांक 22 मार्च 2024 को सैक्टर मुख्यालय सी0सु0बल खासा, अमृतसर में भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (TRAI) के सहयोग से जवानों तथा उनके परिजनों के हितार्थ साइबर अपराध, साइबर सुरक्षा उपायों, नवीनतम दूरसंचार नियमों तथा नेटवर्क समस्या आदि के बारे में जागरूकता एवं दिशा-निर्देशों हेतु व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री संजय गौड़, उप महानिरीक्षक, सैक्टर मुख्यालय सी0सु0बल खासा, अमृतसर के साथ भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के अधिकारी उपस्थित रहें।

## 24वीं वाहिनी सी0सु0बल कांगड़ा में बावा विरांगणओं के लिए पिकनिक का आयोजन





## सीमा चौकी चंदु वडाला, 27 वीं वाहिनी, गुरदासपुर सैक्टर के अंतर्गत किसान बैठक का आयोजन





दिनांक 11 जनवरी 2024 को, सीमा चौकी चंदु वडाला, 27 वीं वाहिनी, गुरदासपुर सैक्टर में श्री शशांक आनंद, भा0पु0से0, उप महानिरीक्षक सैक्टर गुरदासपुर की अध्यक्षता में सीमावर्ती इलाकों के किसानों की बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठकों में महोदय ने सीमावर्ती इलाकों के किसानों की समस्याओं को सुना एवं उन्हें नशीले पदार्थों के दुरूपयोग, अवैध तस्करी और सीमापार से ड्रोन द्वारा होने वाली तस्करी के बारे में जागरूक किया गया।

## 24वीं वाहिनी सी0सु0बल कांगड़ा में प्रहरी संगिणिओं के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन





दिनांक 12 मार्च 2024 को वाहिनी मुख्यालय कांगड़ा, 24वीं वाहिनी सी0सु0बल में प्रहरी परिवार की महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ0 राजेंद्र प्रसाद गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश के सौजन्य से डॉ0 पूर्वा वियास, सहायक प्राफेसर ने स्तन कैंसर के कारण, बचाव एवं उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

## भारत सरकार और सी0सु0बल द्वारा बावा परिवारजनों को दिए जाने वाले लाभ पर व्याख्यान



दिनांक 19 जनवरी 2024 को सीमांत मुख्यालय सी0सु0बल, पंजाब के प्रहरी परिवार कल्याण केंद्र में भारत सरकार और सी0सु0बल द्वारा बावा परिवारजनों को दिए जाने वाली छात्रवृत्ति, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तथा उनके लाभों के बारे में उप निरीक्षक(मंत्रालय) संदीप कड़ुसकर, लेखाकार, पंजाब फ्रंटियर के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई।

## पंजाब फ्रंटियर के अतंर्गत सैक्टरों एंव वाहिनियों के महानिरीक्षक, पंजाब द्वारा निरीक्षण की झलकियाँ



52वीं वाहिनी, अबोहर


52वीं वाहिनी, अबोहर


71वीं वाहिनी, अमृतसर



182वीं वाहिनी,फिरोजपुर


103वीं वाहिनी, फिरोजपुर


182वीं वाहिनी, फिरोजपुर


121वीं वाहिनी, गुरदासपुर


121वीं वाहिनी, गुरदासपुर

## पंजाब फ्रंटियर के अधीन समस्त सैक्टरों, वाहिनीयों एवं सीमा चौकी तक विविध गतिविधियों के आयोजन की झलकियाँ

### चिकित्सा शिविर


सीमांत मुख्यालय पंजाब


सीमांत मुख्यालय पंजाब



160वीं वाहिनी, अबोहर


71वीं वाहिनी, अमृतसर


71वीं वाहिनी, अमृतसर


113वीं वाहिनी, गुरदासपुर


113वीं वाहिनी, गुरदासपुर


144वीं वाहिनी, अमृतसर


144वीं वाहिनी, अमृतसर


सीमांत मुख्यालय पंजाब



66वीं वाहिनी, अबोहर



66वीं वाहिनी, अबोहर


144वीं वाहिनी, अमृतसर


144वीं वाहिनी, अमृतसर


183वीं वाहिनी, अमृतसर


183वीं वाहिनी, अमृतसर

## पंजाब फ्रंटियर के अतंर्गत सैक्टरों एंव वाहिनियों में जनकल्याण कार्यक्रमों का आयोजन



27वीं वाहिनी, गुरदासपुर



52वीं वाहिनी, अबोहर



52वीं वाहिनी, अबोहर


55वीं वाहिनी, अबोहर


55वीं वाहिनी, अबोहर


मैराथॉन दौड़
113वीं वाहिनी, गुरदासपुर


मैराथॉन दौड़
113वीं वाहिनी, गुरदासपुर


मैराथॉन दौड़
113वीं वाहिनी, गुरदासपुर



66वीं वाहिनी, अबोहर




66वीं वाहिनी, अबोहर




116वीं वाहिनी, फिरोजपुर




116वीं वाहिनी, फिरोजपुर



183वीं वाहिनी, अमृतसर



144वीं वाहिनी, अमृतसर



144वीं वाहिनी, अमृतसर




116वीं वाहिनी, फिरोजपुर

## पंजाब फ्रंटियर के अतंर्गत सैक्टरों एंव वाहिनियों में नशा मुक्ति अभियानों का आयोजन


27वीं वाहिनी, गुरदासपुर


27वीं वाहिनी, गुरदासपुर



71वीं वाहिनी, अमृतसर


66वीं वाहिनी, अबोहर

## पंजाब फ्रंटियर के अतंर्गत सैक्टरों एंव वाहिनियों में किसान बैठकों का आयोजन


183वीं वाहिनी, अमृतसर


121वीं वाहिनी, गुरदासपुर


71वीं वाहिनी, अमृतसर


71वीं वाहिनी, अमृतसर

पंजाब फ्रंटियर के निरीक्षक (हिन्दी अनुवादक) डॉ0 बिहारी झा द्वारा लिखा गया गीत

## सीमा के प्रहरी, अटारी के प्रहरी

सीमा के प्रहरी, अटारी के प्रहरी,
कितने करीब हो झेलम के प्रहरी,
हौसला उमंग से खड़े हैं प्रहरी,
हर तूफा को झेलकर, सरहद पर खड़े हैं प्रहरी

पड़ोसी मुल्क के ड्रोन को गिरा रहे हैं मेरे प्रहरी,
रात हो या दिन कभी, चैन न लेते ये प्रहरी,
नदियाँ, पहाड़ पर, खडे हैं ये प्रहरी,
सीमा के प्रहरी, अटारी के प्रहरी,
कितने करीब हो सतलुज के प्रहरी।

वीर वीरांगना दोनों मिलकर, संग-संग चलते प्रहरी,
हर मुश्किल का सामना कर, हिफाजत करते ये प्रहरी,
वतन की हिफाजत में मौत से लड़े प्रहरी,
सीमा के प्रहरी, अटारी के प्रहरी,
कितने करीब हो व्यास के प्रहरी।

आँखों में तुझे नींद कभी, आती नहीं मेरे प्रहरी,
होली, दीवाली सरहद पर कटती तेरी ये जिंदगी,
खत आए गांव से मिलती है सलामती,
सीमा के प्रहरी, अटारी के प्रहरी,
कितने करीब हो चिनाब के प्रहरी।



निरीक्षक (हिन्दी अनुवादक) डॉ0 बिहारी झा
सीमांत मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल, पंजाब



## visit us at :-

BSF_Punjab | BSF_Punjab_Frontier | @BSF_Punjab | BSF Punjab Frontier

# संपादक मंडल

अध्यक्ष

डॉ. अतुल फुलझेले, भा.पु.से

महानिरीक्षक

**संपादक**

श्री अमरेन्द्र कुमार विद्यार्थी

उप महानिरीक्षक (सामान्य)

**उप संपादक**

श्री प्रवीण प्रताप सिंह

द्वितीय कमान अधिकारी (सा0)

श्री अखिलेश बिष्ट

उप कमांडेन्ट (सा0)

**सम्पादकीय सहयोग**

नि. (सा.) नीरज कुमार

आरक्षक प्रसाद क्षीरसागर

**हिन्दी सहयोग**

नि. (हिन्दी अनुवादक) बिहारी झा

उप नि. (सा.) रौशन कुमार

फोटोग्राफी :– पंजाब फ्रंटियर के अधीन समस्त बटालियन, सैक्टर एवं फ्रंटियर हैडक्वार्टर के फोटोग्राफर के सहयोग से

पत्रिका को और रोचक बनाने के लिए आपके परिजनों द्वारा महत्वपूर्ण व व्यवहारिक लेख तथा सुझाव आमंत्रित है, जो कि आप सीमांत मुख्यालय, पंजाब जालंधर की सामान्य शाखा ('G' Branch) के Email pro.bsf.pb.ftr@gmail.com पर भेज सकते हैं।